# हिंदी दिवस


2.9.25
हिंदी दिवस
कविता वाचन
गतिविधि


हिन्दी दिवस
हिंदी दिवस
कक्षा गतिविधि


मन की भाषा,
हिंदी दिवस


हिंदी दिवस
कविता वाचन
गतिविधि



आज हमारे विद्‌यालय विश्व भारती पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया । इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से भर गया। मनोयोग और रचनात्मकता के साथ विभिन्न कक्षा गतिविधियों में भाग लिया।

कक्षा-बार गतिविधियां

कक्षा 1 एवं 2 कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिससे नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों में अपनी मधुर आवाज में रोचक और प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाकर सभी का मन मोह लिया।

कक्षा 3 एवं 4 विद्यार्थियों ने कविता वाचन में भाग लिया। उन्होंने देशभक्ति मातृभाषा और सामाजिक विषयों पर आधारित कविताएँ बड़े आत्मविश्वास और भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत की।

कक्षा 5 एवं 6 बूझो तो जाने खेल-आधारित गतिविधि में विद्‌यार्थियों ने पहेलियों और प्रश्नों के माध्यम से हिंदी भाषा का आनंद लिया

कक्षा 7 एवं 8 आशु भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिए गए विषय पर तुरंत अपनी बात रखकर अपनी वक्तृत्व कला और सोचने की क्षमता का परिचय दिया।

कक्षा 9 हिंदी प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य, व्याकरण, कवि लेखकों तथा हिंदी दिवस के महत्व पर आधारित प्रश्नी के उत्तर दिए।

कक्षा 10 वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तार्किकता और प्रभावशाली भाषा के माध्यम से अपने पक्ष और विपक्ष की बात रखी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाधायी श्रीमती डिंपल पुरी जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्‌देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम गर्व और सम्मान की भावना जागृत करना है। उन्होंने यह भी बताया कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की धरोहर है।